26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 9 जून, 2026

अंक- 225 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# सड़क हादसे में मां, मामा व 6 माह का भांजा घायल

## मासूम बच्चे की हालत नाजुक

स्योहारा ( चिंगारी )। मोटरसाइकिल व कार की भिड़त में तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिनमें गम्भीर रूप से घायल हुए 6 माह के बच्चे को हायर सेंटर रैफर किया गया।

आज थाना नहटौर के गांव मुस्तेपुर निवासी आजाद पुत्र यूनुस अपनी बहन तस्लीमा और भांजे अब्बास ( 6 माह ) को मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के गांव मकसूदपुर से दवाई दिलाने जा रहा था । जैसे ही वह स्योहारा में मुरादाबाद रोड सब्जीमंडी के समीप पहुंचे तो मुरादाबाद की ओर से आ रही कार से टकरा गये, जिसमें आजाद और उसकी बहन तस्लीमा व मासूम अब्बास घायल हो गये। तीनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ से 6 माह के अब्बास की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने कार सवार को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी ।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# भारत की धरती कोई धर्मशाला नहीं- योगी



लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकारात्मक ताकतों के खिलाफ समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम सभी को जोड़ते हैं और राम भक्तों ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक कड़ा संघर्ष किया है। उन्होंने रामायण काल के पात्रों का उदाहरण देते हुए समसामयिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि जो लोग भारत के प्रति आस्था और निष्ठा नहीं रखते हैं और यहां के संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उनके लिए भारत की धरती कोई धर्मशाला नहीं हो सकती है। मुख्यमंत्री ने माता जानकी के अपहरण और भगवान राम द्वारा उत्तर-दक्षिण को जोड़ने का प्रसंग साझा किया। उन्होंने कहा कि नारी गरिमा की रक्षा का यह प्रसंग 'लव जिहाद' की घटनाओं को रोकने के लिए एक आदर्श उदाहरण है। केरल उच्च न्यायालय द्वारा 2009 और 2011 में व्यक्त की गई चिंताओं का हवाला देते हुए उन्होंने इसे 'रिलिजियस डेमोग्राफी' (धार्मिक जनसांख्यिकी) बदलने की साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने याद दिलाया कि इसी के मद्देनजर यूपी में 2020 में सख्त कानून बनाया गया, लेकिन अब इसके खिलाफ व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है। सीएम योगी ने 'लैंड जिहाद' पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि खर-दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे राक्षस भी उस कालखंड में इसी काम में जुड़े हुए थे। वे किसी भी जमीन को खाली देखकर जबरन अपना तंबू गाड़ देते थे। उन्होंने चेतावनी दी कि जब भी नकारात्मक ताकतें वर्चस्व में आएंगी, वे समाज को तहस-नहस करेंगी और शिक्षण संस्थानों को बंजर बनाएंगी, जैसा उस दौर में ताड़का और खर-दूषण करते थे। उन्होंने कहा कि नकारात्मक ताकतें हर कालखंड में आएंगी, लेकिन समाज को मिलकर इनके खिलाफ हमेशा तैयार रहना होगा।

चिंगारी

गाड़ी की आवश्यकता है

सांध्य दैनिक चिंगारी को बिजनौर से नजीबाबाद अख़बार के बंडल ले जाने के लिये गाड़ी की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें- 9759616366, 7983865172

admission open

SB COLLEGE

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP

Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# प्रियंका की मौत के मामले में पति-ससुर गिरफ्तार

**नहटौर ( चिंगारी )।** विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका के परिजनों ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ ज़हर देकर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

नगीना के ग्राम धीमारेड्डी निवासी प्रियंका की शादी नहटौर के ग्राम शमशाबाद निवासी दीपांशु के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही प्रियंका को दहेज के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। प्रियंका की संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत खराब हो गई, जिसे चिकित्सक के पास ले जाया गया। बाद में उसे ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया, वहां उपचार के दौरान 11 मई को प्रियंका की मौत हो गई थी। मौत का कारण जहरीले पदार्थ का सेवन बताया गया। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर ज़हर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दीपांशु सहित पांच लोगों के खिलाफ थाना नहटौर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। 25 दिन का समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर प्रियंका के परिजनों ने नहटौर थाने पहुंचकर गिरफ्तारी की मांग की थी। तब आरोपी पति दीपांशु व ससुर बिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचे उत्तराखंड के राज्यमंत्री, आर्थिक सहायता की

**नहटौर( चिंगारी )।** नहटौर क्षेत्र की दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से उत्तराखंड के राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने भेंट कर जानकारी ली और पीड़ित परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए अपनी ओर से भी आर्थिक सहायता प्रदान की। सोमवार की देर सायं को उत्तराखंड सरकार के राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी जसजीत कौर से फोन पर वार्ता करते हुए एससी–एसटी अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित परिजनों को तत्काल राहत दिलाने और मामले में कठोर से कठोर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर पर भी तीखा हमला बोला। राज्यमंत्री द्वारा विधायक ओमकुमार के द्वारा पीड़िता की पैरवी करने की जमकर सराहना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, पूर्व प्रधान जयपाल सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा शोभित कुमार, विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनजीत सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नागरिक अधिकार समिति ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था नागरिक अधिकार एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल एड. के नेतृत्व में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन एसके बबली एड. के निवास स्थान के सामने, निकट नुमाइश ग्राउंड पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक गणेश ठाकुर एवं अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल ने किया। भीषण गर्मी में हज़ारों राहगीरों को समिति के सदस्यों ने शरबत पिलाया। समिति के सदस्यों अनिल गंभीर, राजीव चौहान एड., आशीष जैन, देवेंद्रपाल सिंह एड., पीयूष कुमार, संजीव राजन, लक्की चोपड़ा, डॉ. रामकुमार अग्रवाल, जगदीश सचदेवा, विशाल अग्रवाल एड., फारूक बिजनौरी, कमाल सफ़दर एड., राजवीर सिंह एड., भूदेव सिंह चंदेल एड., श्रीमती मीनू गोयल, श्रीमती सविता सिंह एड., प्रवीण गंभीर, बुलंद अख्तर एड., अतुल विक्रम सिंह एड., वीरेंद्र सिंह एड., शहर के समाजसेवी पीयूष कुमार मित्तल, शिवा पाराशर एड., सुजीत कुमार, फिजिथरेपिस्ट डॉ. साक्षी गोयल का सहयोग रहा। फारूक बिजनौरी, अतुल विक्रम सिंह, कमाल सफ़दर, पीयूष कुमार, जगदीश सचदेवा, विवेक गुप्ता, गणेश ठाकुर, अनिल गंभीर, सुरेन्द्र कुमार कपूर का विशेष योगदान रहा।






# मारपीट के दो आरोपियों को सजा, कम उम्र का लाभ देकर रिहा किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी–एसटी एक्ट) सुनील कुमार ने दलित युवक के साथ मारपीट के दो आरोपी मोनू और अभिषेक को दोष सिद्ध पाकर सजा सुनाई, लेकिन कम उम्र का लाभ देते हुए परिवीक्षा के अनुरूप रिहा कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार थाना हल्दौर अंतर्गत कुंवर पाल ने मोनू, अभिषेक के विरुद्ध अपने साथी कन्हैया के साथ घर में घुसकर मारपीट करने व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौच कर घायल करने का मुकदमा लिखवाया था। दोनों पक्षों में झगड़ा उधार के पैसों के लेनदेन को लेकर होना बताया गया था। कुंवर पाल को बचाने जब उसकी पत्नी व बेटी आए तब अभियुक्तों ने उनके साथ भी मारपीट की थी।

इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने अपराध सिद्ध पाया। लेकिन मोनू और अभिषेक की कम उम्र (21 वर्ष) देखते हुए भविष्य में अपराध की पुनरावृत्ति न करने और एक साल तक सदाचरण में परिवीक्षा अधिकारी के यहां हाजिर होने का आदेश दिया है।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# जहां चाह वहां राह...

# मंदिर में हुआ प्रेमी-प्रेमिका का विवाह

## प्रेम दीवानी, प्रेमी से शादी करके ही मानी

**धामपुर ( चिंगारी )। पांच वर्षों से चल रहे प्रेम प्रसंग के दौरान जब प्रेमी युगल वैवाहिक बंधन में नहीं बध पाए तो प्रेम दीवानी अपने प्रेमी के घर जा पहुंची और उससे शादी करने की जिद पर अड़ गई। आखिरकार मामला थाने तक पहुंच गया और पुलिस के समझाने के बाद नजदीक के श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में दोनों ने भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा के सामने एक-दूसरे के गले में जयमाला डाली और मंदिर की वेदी के सात चक्कर काटकर दोनों ने वचन निभाने का संकल्प लिया ।**

हुआ यूं कि क्षेत्र के गांव कुंवर का बसेड़ा निवासी हिमानी का गांव बमनोली निवासी चंद्रभान सिंह के साथ पिछले लगभग पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से मिलते, घंटों अपने दिल की बातें करते, परंतु इस प्रेम प्रसंग को उसकी मंजिल इसलिए नहीं मिल पा रही थी कि लड़की के परिजन उनके संबंधों को पसंद नहीं करते थे। इससे व्यथित होकर सोमवार को युवती अचानक अपने प्रेमी के



घर पहुंच गई और उससे विवाह करने की जिद पर अड़ गई।


सूचना मिलते ही युवती के परिजन गांव बमनोली पहुंच गए और लड़की को समझाकर घर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उसने साफ तौर पर घर लौटने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि वह अब अपने प्रेमी से विवाह करेगी और उसके साथ ही रहेगी। युवती की जिद के कारण मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, जहां परिजनों ने युवती को समझाने की भरपूर कोशिश की परन्तु वह अपने निर्णय पर कायम रही और प्रेमी के साथ सात फेरे लेने की बात दोहराती रही। काफी देर तक चली बातचीत के बाद जब युवती किसी भी कीमत पर घर जाने को तैयार नहीं हुई, तो दोनों परिवारों के जिम्मेदार लोगों ने आपसी सहमति से विवाह कराने का निर्णय लिया। इसके बाद पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में दोनों का विवाह संपन्न कराया गया।

**शिव मंदिर में वैवाहिक बंधन में बंधे प्रेमी युगल**

विवाह के दौरान प्रेमी युगल ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और मंदिर की वेदी के चक्कर काटकर सात फेरे लिए और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह की रस्म संपन्न होने के बाद दोनों को विदा किया गया। विवाह के बाद लड़के के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस का मुंह मीठा कराया और पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए हंसी-खुशी के साथ नई नवेली दुल्हन को लेकर अपने गांव रवाना हो गए।

## 'नौतपा' के बाद फिर तपा सूरज हुआ आग बबूला

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** 'नौतपा' तो फिर भी ज्यादा नहीं तपा, लेकिन अब सूरज ऐसा तप रहा है कि जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले दो-तीन दिनों से सूरज ऐसा आगबबूला हो रहा है कि प्रात: 10 बजे के बाद बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ततैये के डंक को भी मात दे रही धूप में तपकर मकान भट्टी की भांति गर्म हो जाते हैं।



गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। सूरज आग का गोला बना हुआ है,धूप की प्रचंडता देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे सूरज धरती के कुछ ज्यादा ही निकट आ गया हो। आसमान से ऐसी आग बरस रही है कि धरती भट्टी की भांति तप रही है। पिछले दो दिनों से सूरज कुछ ज्यादा ही आगबबूला हो रहा है। प्रात: 10 बजे के बाद घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। धूप काट खाने को दौड़ रही है। दोपहर को पंखे गर्मी के सामने बेअसर हो जाते हैं। दोपहर 12-1 बजे से अपराहन 3-4 बजे तक बाजारों में सन्नाटा रहता है। दोपहर को सड़कों पर भी यातायात बहुत कम हो जाता है।

उमसभरी भीषण गर्मी के कारण रात को लोग चैन से सो भी नहीं पा रहे हैं। भीषण गर्मी के प्रभाव से प्यास के कारण गला बार-बार सूख जाता है। इंसान ही नहीं पशु भी भीषण गर्मी के कारण हांफ रहे हैं। कई पशुपालकों ने पशुओं के लिये भी पंखों की व्यवस्था कर रखी है। गर्मी की मार से बेहाल पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते देखे जा रहे हैं। कुल मिलाकर भीषण गर्मी से इंसान, पशु, पक्षी सभी बेहाल हैं।

## दुबई में हुये सड़क हादसे में सहसपुर के युवक की मौत

**सहसपुर ( चिंगारी )।** दुबई में हुए भीषण सड़क हादसे में सहसपुर के मोहल्ला हकीमपुरा निवासी साकिब पुत्र मुंशी नन्हे का निधन हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को दुबई की एमिरेट्स रोड पर एक मिनी बस और खराब होकर सड़क पर खड़े ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में 7 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में बताया गया है कि मिनी बस चालक समय रहते ट्रक को नहीं देख सका और पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों में सहसपुर के मोहल्ला हकीमपुरा निवासी साकिब भी शामिल है। साकिब रोज़गार के सिलसिले में दुबई में कार्यरत था। उसके निधन की खबर मिलते ही परिजनों और परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए बताया कि अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।



Hero Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L


9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount
4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## हमें ये करना होगा!

भारत को तेल मूल्यवृद्धि के वैश्विक संकट से बचाने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का विकास और तेज करना होगा जिनमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा, बायोडीजल, एथेनाल, बायोगैस तथा हरित हाइड्रोजन शामिल हैं। भारत इन सभी क्षेत्रों में दुनिया के सभी देशों में उपलब्ध तकनीकों व कौशल का प्रयोग कर देश में उत्पादन व विनिर्माण को बढ़ावा दे रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई व नार्डिक देशों की यात्रा ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत के विभिन्न राज्यों में पेट्रोल, डीजल व अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में काफी अंतर है जिसका कारण राज्य सरकारों द्वारा इन पर ली जाने वाली वैट-वैल्यू एडेड टैक्स की अलग-अलग दरें हैं। यह वैट राज्यों की आमदनी का बड़ा स्त्रोत है और इसी कारण वे इसे छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। काफी समय से पेट्रोल, डीजल व गैस को जीएसटी के अंतर्गत लाने के प्रयास जारी हैं, पर अभी तक इन प्रयासों में सफलता नहीं मिली है। इधर पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतों में हुई वृद्धि के कारण परिवहन क्षेत्र में लगे ट्रकों तथा टैक्सियों व आटो पर भारी दबाव पड़ा है और उनका मुनाफा तेजी से घटा है। इस कारण निजी परिवहन क्षेत्र किराया और मालभाड़ा बढ़ाने की मांग कर रहा है जिसे देर-सवेर मानना ही होगा। इससे चैतरफा मूल्यवृद्धि का खतरा और गंभीर होगा। भारत सरकार तथा विभिन्न राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण निवारण के लिए खाना पकाने के परंपरागत लकड़ी और कोयले के बजाय खाना पकाने वाली गैस-एलपीजी व पाइप्ड नेचुरल गैस-पीएनजी पर जोर दिया है। सरकार ने गांव-गांव तक एलपीजी आसानी से पहुंचाने तथा 'उज्जवला योजना' के माध्यम से गरीब परिवारों को प्रदूषण मुक्त खाना पकाने का माध्यम उपलब्ध कराने का श्रेय तो जरूर लिया, पर वर्तमान संकट के कारण अनेक परिवारों तथा शहरों व कस्बों में परिवारों तथा छोटे ढाबों व रेस्तराओं को फिर से लकड़ी और कोयले का प्रयोग शुरू करना पड़ा है। इन समस्याओं को देखते हुए भारत को नगरीय व महानगरीय क्षेत्रों में पश्चिमी देशों की तरह खाना पकाने के लिए भी बिजली के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। लेकिन गर्मी के इस मौसम में बिजली सप्लाई में आने वाली बाधाओं व जनता के उग्र प्रदर्शनों को देखते हुए यह विकल्प अभी बहुत दूर लगता है।

# नौकरी के सपनों ने प्लेटफॉर्म पर काटी रात, भीषण गर्मी-उमस में तड़पे हजारों अभ्यर्थी





### पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने बिजनौर पहुंचे युवाओं को नहीं मिली छत, स्टेशन-बस स्टैंड और सड़कों पर गुजरी रात

**बिजनौर ( चिंगारी )**। आंखों में सरकारी नौकरी पाने का सपना लिए उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने बिजनौर पहुंचे हजारों युवाओं के लिए परीक्षा से पहले की रात किसी संघर्ष और अग्निपरीक्षा से कम नहीं रही। भीषण गर्मी, उमस और ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण सैकड़ों अभ्यर्थियों को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, रोडवेज बस स्टैंड, फुटपाथों और खुले स्थानों पर रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ा। कोई बैग को सिरहाना बनाकर लेटा दिखाई दिया, तो कोई पूरी रात जागकर सुबह होने का इंतजार करता रहा।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी परीक्षा से एक दिन पहले ही बिजनौर पहुंच रहे हैं, लेकिन अभ्यर्थियों की भारी भीड़ के चलते शहर के अधिकांश होटल और धर्मशालाएं पूरी तरह भर गईं। देर रात तक ठहरने की जगह तलाशते रहे युवाओं को जब कहीं आसरा नहीं मिला तो उन्होंने स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों को ही ठिकाना बना लिया।

सोमवार रात गर्मी और उमस ने हालात और कठिन बना दिए। खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले अभ्यर्थियों को गर्म हवाओं, मच्छरों और पेयजल की कमी जैसी समस्याओं से भी जूझना पड़ा। कई स्थानों पर बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसके बावजूद युवाओं ने हिम्मत नहीं हारी और सुबह होते ही बिना आराम किए सीधे अपने-अपने परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना हो गए।

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान बढ़ी मांग का फायदा उठाकर कुछ होटल संचालकों ने कमरों के किराए में मनमानी बढ़ोतरी कर दी। सामान्य दिनों की तुलना में अधिक किराया मांगा जा रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए अभ्यर्थियों के लिए इतनी रकम चुकाना संभव नहीं था, जिसके चलते उन्हें खुले में रात बितानी पड़ी।

जिले में तीन दिन होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए कुल 31,392 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा 12 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही है। सोमवार को पहले दिन दोनों पालियों में 8,016 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2,441 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। मंगलवार को भी जिले के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकारी नौकरी की उम्मीद लेकर आने वाले युवाओं को परीक्षा से पहले ही इतनी कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना चाहिए। उनका सुझाव है कि बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान प्रशासन को सामुदायिक भवनों, विद्यालयों, धर्मशालाओं और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी विश्राम केंद्र बनाकर ठहरने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को स्टेशन और सड़कों पर रात न गुजारनी पड़े। सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल,पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन व सत्यपाल सिंह व दीपक सैनी ने भी प्रशासन से भविष्य में ऐसी परीक्षाओं के दौरान आवास, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि नौकरी की तलाश में घर से निकलने वाले युवाओं को परीक्षा से पहले ही परेशानियों की इस तपिश से नहीं गुजरना चाहिए। उनके सपनों को सहारा मिलना चाहिए, न कि प्लेटफॉर्म और फुटपाथों का सहारा लेना पड़े।

# आरक्षण घोटाले का आरोप लगाकर सपा ने भाजपा सरकार को घेरा, 11,514 पदों की 'लूट' का दावा

### बिजनौर में प्रेस वार्ता के दौरान सपा नेताओं ने कहा- संविधान और आरक्षण पर हो रहा हमला, पीडीए वर्ग के अधिकार छीने जा रहे हैं




**बिजनौर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने और भर्ती प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान और आरक्षण व्यवस्था को भाजपा सरकार कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग की बहू-बेटियों और युवाओं से संविधान प्रदत्त आरक्षण का अधिकार छीना जा रहा है। हनी फैसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों में बड़े स्तर पर आरक्षण घोटाला हुआ है। समाजवादी पार्टी ने इन मामलों का अध्ययन कर कथित तौर पर आरक्षण से जुड़े पदों की लूट के आंकड़े एकत्र किए हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 की 69 हजार शिक्षक भर्ती में 7,933 पदों पर आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई। इसके अलावा वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती में 88, बांदा कृषि विश्वविद्यालय भर्ती में 5, एडेड जूनियर हाई स्कूल मास्टर/हेडमास्टर भर्ती में 547, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में 232, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती में 47 तथा यूपीएसएसएससी कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर की भर्ती में 300 पदों सहित कुल 11,514 पदों की कथित रूप से लूट की गई। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक ओर बेरोजगारी बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर आरक्षित वर्ग के युवाओं के अधिकारों का हनन कर रही है। उनका कहना था कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता का अभाव है और इससे संविधान की मूल भावना प्रभावित हो रही है। प्रेस वार्ता में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रशीद हुसैन ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल उन्हीं परीक्षाओं का आयोजन कराया जाता है, जिनमें पहले से सेटलमेंट हो जाता है, जबकि अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ जाती हैं। उन्होंने भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकारें संविधान की भावना का सम्मान करने के बजाय उसका मजाक उड़ा रही हैं। उन्होंने जनता से आगामी चुनावों में भाजपा सरकारों को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में सत्यपाल सिंह, प्रभा चौधरी, दीपक सैनी, बीके कश्यप, राहुल सिंह, अनुज चौधरी, महमूद क़स्सार और अखलाक पप्पू सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ाने का विरोध किया




**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। किसान मजदूर यूनियन का जिला सम्मेलन नजीबाबाद में 28 जून 2026 को होगा। रायपुर सादात में घसीटा पाल की अध्यक्षता आवेश अंसारी के संचालन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने कहा कि सम्मेलन में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर आशीष मित्तल मुख्य अतिथि होंगे व विशिष्ट अतिथि हीरालाल महासचिव धर्मपाल सिंह उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा होंगे। शमशाद हुसैन ने कार्यकर्ताओं से सम्मेलन की तैयारी में जुट जाने व सदस्यता अभियान तेजी से चलाने के लिए कहा। बैठक में रायपुर सादात निवासी जुनैद अहमद ने थाना नगीना देहात में तैनात दरोगा हिमांशु व कई पुलिस वालों पर अपना अपने परिवार का उत्पीड़न करने का मुद्दा उठाया। सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी करने, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करने का विरोध किया गया। तहसील नगीना कमेटी के चुनाव में घसीटापाल अध्यक्ष, अनीस अहमद, अनीस कुरैशी उपाध्यक्ष, शमीम कस्सार महासचिव, दयाराम सिंह संगठन मंत्री, अर्जुन सिंह साबूवाला, मौहम्मद सलमान कोटकादर व रियाज अहमद चंदनवाला के प्रभारी बनाए गए। बैठक में मौहम्मद अजीम, समीर अहमद, मौहम्मद तकी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरा पुत्र अकब मेरे कहने–सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने परिवार वालों व रिश्तेदारों के समक्ष अपने पुत्र अकब से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अकब के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं रहा है।

**–खुर्शीद अहमद पुत्र अब्दुल अजीज**
**नि. मौ. मुगलूशाह, कस्बा व थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर**




# बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरा-तफरी

## गर्मी से फाल्ट की समस्या बढ़ी, बिजली आपूर्ति बाधित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के मौहल्ला रम्पुरा में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिजली के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें व चिंगारियां उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तारों से तेज आवाज के साथ चिंगारियां निकलने लगीं, जिसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी व एहतियात के तौर पर आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ समय तक क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल रहा। नगर के मौहल्ला संतोमालन में बिजली की हाईटेंशन लाइन के तारों में शॉर्ट सर्किट से एक तार टूटकर अचानक सड़क पर गिर पड़ा, गनीमत यह रही कि कोई तार की चपेट में नहीं आया। सूचना मिलते ही क्षेत्र के लाइनमैन रजत कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शट डाउन लेने के बाद तार बदलकर आपूर्ति शुरू कराई। गर्मी बढ़ने के साथ नगर की बिजली की जर्जर लाइनों में आएदिन फाल्ट आने की समस्या बढ़ गई है। गर्मी व ओवरलोड से किसी ने किसी क्षेत्र में बिजली के तार टूटकर गिरने के साथ बिजली व्यवस्था बाधित हो रही है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौनी से लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण दिन के समय लोगों का अपने घरों से निकलना दूभर हो रहा है। सभी लोग गर्मी से निजात पाने को बारिश की दुआ कर रहे हैं।

# भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. परवेज अहमद व डॉ. महेन्द्र सिंह के निधन पर शोक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। विजन कॉलेज, नजीबाबाद के प्रांगण में आयोजित शोक सभा में क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर इशहाक उर्फ गाजीपुर निवासी डॉ. परवेज अहमद (गोल्ड मेडलिस्ट भूगर्भ वैज्ञानिक) एवं जनपद के पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में विजन कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब ने बताया कि दिवंगत डॉ. परवेज अहमद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा नजीबाबाद के एमडीएस इन्टर कॉलेज से प्राप्त की। 1988 में रूड़की इंजिनियरिंग कॉलेज से पीएचडी की डिग्री गोल्ड मेडल से प्राप्त करके नजीबाबाद क्षेत्र का नाम दूर तक पहुंचाया। डॉ. परवेज अहमद ने विश्व के 25 से अधिक देशों में भूगर्भ वैज्ञानिक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में काफी समय से सहपरिवार दुबई में रह रहे थे। शोक सभा में सड़क हादसे में डॉ. महेन्द्र सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये योगदान को सराहा गया। डॉ. महेन्द्र सिंह एक अत्यंत कुशल चिकित्सक, कर्मठ अधिकारी व प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी थे। सरकारी सेवा में रहते हुए उन्होंने हमेशा कमजोर व आम आदमी की परेशानियों को तत्परता से निस्तारित किया। डॉ. महेन्द्र सिंह की अपूर्णीय क्षति को किसी प्रकार से भरा नहीं जा सकता है। कॉलेज के समस्त स्टाफ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में विजन कॉलेज के स्टाफ गुफरान काजी, आयुष, मौ. मोबीन, रिदा फातिमा, अनुशा सिद्दीकी, मन्तशा जैदी, मौ. अनवर, जावेद हमीद, सुनील आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# न हों निराश: अब बिजनौर में मुमकिन है बवासीर का पुख्ता इलाज

## 11 जून को बिजनौर, 12 जून को बास्टा में


डॉ. सुधांशु चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। बवासीर, भगंदर व फिशर के निराश मरीज, जो महानगरों के चक्कर काट–काटकर थक के चूर हो गये थे, उनके लिये उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं डॉ. सुधांशु चौधरी, जिनका उक्त रोगों के विशेषज्ञ के रूप में



एक बड़ा नाम है। मूलत: जनपद बिजनौर के निवासी डॉ. सुधांशु को जन्मभूमि का प्यार यहां खींच लाया और वे हफ्ते में दो बार प्रत्येक बृहस्पतिवार को बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर तथा प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) में बस स्टैंड चौराहे के पास स्थित श्री साईं अस्पताल में बिजनौर के साथ आसपास के जनपदों के मरीजों का उपचार करते हैं। गुदा रोग विशेषज्ञ (एम.एस.) डॉ. सुधांशु के प्रति विश्वास और उनकी विशेषज्ञता का ही प्रमाण है कि तीन–तीन बार महानगरों में आप्रेशन कराने के पश्चात उनके पास आकर मरीज रोग मुक्त होकर दर्द रहित जीवन की शुरूआत कर रहे हैं। डॉ. सुधांशु का बिना चीरा आप्रेशन, दर्द रहित बिना भर्ती, तेज रिकवरी, स्थायी परिणाम की नई तकनीक जिससे मरीजों में इन रोगों की जीवन में कभी भी पुनरावृत्ति नहीं होती, साथ ही डॉक्टर साहब के मृदु व्यवहार के चलते मरीज बिल्कुल भयरहित होकर अपना उपचार कराकर मात्र 10 दिन में पूर्णत: स्वस्थ हो रहे हैं। डॉ. सुधांशु का रोगियों से स्पष्ट कहना है कि पाइल्स (बवासीर) कोई शर्म की बात नहीं है, इसे छिपाये नहीं, समय से इलाज शुरू कीजिये, जो कि बिल्कुल आसान है। इन रोगों में मुश्किलें नीम हकीमों के फेर में पड़ जाने पर बढ़ जाती हैं। सुरक्षित इलाज स्थायी समाधान के लिये आज ही परामर्श लें- मो. 7302127966, 9871884104, 9411226422।

**प्रस्तुति : विपिन भारद्वाज**

# अब बिजनौर में भी मिलेगी आंखों को नई रोशनी

## RC हॉस्पिटल में हो रहे कार्निया बदलने के सफल आप्रेशन

**बिजनौर( चिंगारी )**। नेत्रहीन व अन्य नेत्र रोगियों के लिये राहत भरी खबर है कि अब बिजनौर में भी आंख की कार्निया (पुतली) बदलने का आप्रेशन व नेत्र के अन्य जटिल रोगों को उन्नत उपचार की समस्त अत्याधुनिक सुविधायें यहां किरतपुर रोड पर सेंट मैरीज स्कूल के पास स्थित आरसी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में उपलब्ध है। जनपद में सर्वप्रथम कार्निया प्रत्यारोपण का बड़ा कार्य छोटी उम्र में कर रहे हैं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रचित अग्रवाल MS (Ophthalmology)।


डॉ. रचित अग्रवाल

डॉ. रचित के अनुसार उनके यहां आंख की पुतली को कार्निया से आंखों की रोशनी गंवा चुके मरीजों में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया जा रहा है। साथ ही कार्निया की बीमारी, संक्रमण, चोट अथवा अन्य कारणों से कमजोर दृष्टि वाले मरीजों को उपचार के लिये अब बिजनौर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इसके अतिरिक्त अस्पताल में रोबोटिक मोतिया बिंद सर्जरी, लेजर आदि सहित समस्त अत्याधुनिक सुविधायें, आधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध है। डॉ. रचित अग्रवाल का कहना है कि नेत्र प्रकृति द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार है, इनकी सही देखभाल जांच व उपचार से अनेक नेत्र रोगों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। 6 माह में एक बार नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा अपने नेत्रों की जांच अवश्य करायें। बता दें कि डॉ. रचित अग्रवाल ने बैराज रोड पर भव्य हॉस्पिटल का निर्माण कराया है, जिसका शुभारंभ विधिवत रूप से 27 जून 2026 को होगा।



# साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने में जुटी एसटीएफ

## म्यूल अकाउंट गिरोह पर कसा कानूनी शिकंजा

**देहरादून/रुद्रपुर (चिंगारी)।** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल अकाउंट्स के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह के खिलाफ पिछले दो दिनों में चार मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले एक माह में कुल छह अभियोग पंजीकृत कर दस नामजद आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है।

एसटीएफ द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देशन में साइबर अपराधों में प्रयुक्त संदिग्ध बैंक खातों की गहन जांच की जा रही थी। जांच के दौरान एनसीआरपी पोर्टल, समन्वय पोर्टल, आईक्सी इनपुट्स, बैंकिंग रिकॉर्ड, केवाईसी दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यों और मनी ट्रेल का विश्लेषण किया गया। इसी जांच में एक ऐसे संगठित गिरोह का खुलासा हुआ जो साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराकर




ठगी की करोड़ों रुपये की रकम को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने और उसे छिपाने का काम कर रहा था। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य आर्थिक रूप से कमजोर और मजदूर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने या पैसों का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। कई मामलों में पहले से संचालित खातों की नेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, चेकबुक और अन्य बैंकिंग सुविधाएं हासिल कर उन्हें साइबर अपराधियों को सौंप दिया जाता था।

एसटीएफ के अनुसार इन खातों का इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, निवेश धोखाधड़ी, शेयर मार्केट फ्रॉड, ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड, टास्क फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से अर्जित रकम को ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। जांच में बिहार, केरल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में दर्ज साइबर अपराधों की शिकायतें इन खातों से जुड़ी पाई गई हैं। कार्रवाई के तहत 8 जून को साइबर क्राइम थाना देहरादून और कुमाऊं में तीन नई एफआईआर दर्ज की गईं। इन मामलों में चार आरोपियों को नामजद किया गया है, जबकि उनके अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

एसएसपी अजय सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति के कहने पर अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, सिम कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग संबंधी जानकारी उपलब्ध न कराएं। उन्होंने कहा कि कमीशन या लालच के बदले बैंक खाते उपलब्ध कराना भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में खाताधारक के खिलाफ भी मुख्य अपराधी के समान सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती है।

# उत्तराखंड माटीकला बोर्ड में प्रतिनिधित्व को लेकर प्रजापति समाज में असंतोष

## सरकार से पुनर्विचार की मांग

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तराखंड माटीकला बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर हुई नियुक्ति को लेकर प्रजापति (कुम्हार) समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि माटीकला बोर्ड का गठन पारंपरिक माटीकला, कुम्हार शिल्प एवं इस व्यवसाय से जुड़े परिवारों के संरक्षण और विकास के उद्देश्य से किया गया था, इसलिए बोर्ड में नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व भी माटीकला से जुड़े समाज को मिलना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने कहा कि प्रजापति समाज पीढ़ियों से माटीकला एवं कुम्हार शिल्प से जुड़ा हुआ है। ऐसे में समाज की अपेक्षा है कि माटीकला बोर्ड में समाज के अनुभवी एवं योग्य प्रतिनिधियों को अवसर दिया जाए, जिससे समाज की समस्याओं और आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुई नियुक्ति को लेकर समाज के लोगों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। समाज के अनेक लोगों का मानना है कि माटीकला बोर्ड में प्रजापति (कुम्हार) समाज को समुचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। समाज का यह भी मत है कि बोर्ड के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

प्रजापति समाज के लोगों का कहना है कि समाज लंबे समय से सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से माटीकला व्यवसाय से जुड़ा रहा है। ऐसे में समाज के प्रतिनिधियों की भागीदारी बोर्ड की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया गया है कि माटीकला बोर्ड में प्रजापति (कुम्हार) समाज को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने पर गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि समाज की भावनाओं का सम्मान हो और बोर्ड अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप कार्य कर सके। पंकज कुमार दक्ष ने कहा कि प्रजापति समाज सदैव राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं समाज की मुख्यधारा के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी समाज सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा।

# मानसून सिर पर, लेकिन नालों-खालों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं हुई

## एमडीडीए के दावों पर उठे सवाल

**नवीन यादव**

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड में मानसून की दस्तक से पहले राज्य सरकार ने नदी-नालों, खालों और जल स्रोतों के आसपास किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का दावा है कि मानसून के दौरान संभावित आपदा से जन-धन की हानि को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग दिखाई दे रही है। हर वर्ष मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण सबसे अधिक नुकसान नदी, नालों और खालों के किनारे बने मकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को होता है। इनमें से अधिकांश निर्माण जल स्रोतों के समीप अतिक्रमण कर बनाए गए बताए जाते हैं। इसके बावजूद राजधानी देहरादून सहित कई क्षेत्रों में अब तक बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आई है। एमडीडीए के उपाध्यक्ष एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने हाल ही में कहा था कि पिछले वर्षों में जिन स्थानों पर आपदा के दौरान नुकसान हुआ, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल स्रोतों के आसपास नए अवैध निर्माण न होने दिए जाएं और जहां अतिक्रमण है, वहां कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध प्लॉटिंग, बड़े व्यवसायिक निर्माणों की जांच, फायर सेफ्टी, लिफ्ट और सीसीटीवी जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि मानसून शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन नालों और खालों पर वर्षों से बने अवैध निर्माणों के खिलाफ अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। शहर के कई संवेदनशील क्षेत्रों में जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव और नुकसान की आशंका बनी हुई है।

सरकार द्वारा अवैध अतिक्रमण रोकने के लिए डिजिटल मैपिंग और तकनीकी निगरानी की बात कही जा रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि केवल योजनाएं और निर्देश पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई भी आवश्यक है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 02 के सम्पत्ति संख्या 21/2 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्रीमति अर्चना शर्मा पत्नी महेश कुमार शर्मा के नाम दर्ज है। अत: श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी महेश कुमार शर्मा का नाम निरस्त कर श्री महेश कुमार शर्मा, शिखरदीप, विशाल दीप का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तदुपरान्त समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

# ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन ने किया डॉ. प्रेमचंद का स्वागत

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पदाधिकारियों द्वारा ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आगामी 11 जून को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में डॉ.अग्रवाल को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया।

डॉ. अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके सुदृढ़ विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर



यूनियन के सचिव दीप शर्मा, ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, कर्मवीर शर्मा, दीप सुनेजा, मनमोहन सूदन, सरदार गुरबचन सिंह, सरदार बूटा सिंह, शिव शंकर कोठारी आदि पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

# नवमनोनीत पदाधिकारियों को सम्मानित किया

**धामपुर (चिंगारी)।** व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहने वाले धामपुर के वरिष्ठ व्यापारी नेता सरदार गुरुशरण सिंह मोहन को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर संगठन से जुड़े व्यापारी बंधुओं मे हर्ष की लहर दौड़ गई। इसके अतिरिक्त संगठन की दृष्टि से गठित नजीबाबाद परिक्षेत्र जिले का धामपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र गोयल को जिला अध्यक्ष बनाया गया है जबकि



सरदार गुरुशरण सिंह मोहन को पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए पदाधिकारी।

मनोज भटनागर को जिला महामंत्री और सुरेंद्र सिंह सैनी को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बरेली में संपन्न हुए कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को पटके पहना कर सम्मान प्रदान किया।

धामपुर लौटने पर नव मनोनीत प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरुशरण सिंह मोहन एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा द्वारा जिस विश्वास के साथ उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष पद सौंपे गए हैं उन पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरुशरण सिंह मोहन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल से जिला कार्यकारिणी का शीघ्र ही गठन किए जाने का संदेश भी पहुंचा दिया गया है ताकि प्रभावी तरीके से अन्य स्थानों के साथ ही जनपद बिजनौर में भी संगठन के कार्यों को गति दिलाई जा सके।

# गैंगस्टर के 4 अभियुक्तों की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क



**शेरकोट ( चिंगारी )।** सोमवार की शाम पुलिस व राजस्व विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत चार अभियुक्तों की 41,52,265/- रूपये की अचल/चल सम्पत्ति को कुर्क किया गया ।

कुछ माह पूर्व सलीम पुत्र अब्दुल समी निवासी मौ. हकीमान कस्बा व थाना शेरकोट, शाहरूख पुत्र अकबर उर्फ सत्तार अहमद, मकसूद पुत्र मकबूल, भूरा उर्फ समीर अहमद पुत्र चिंगू उर्फ इन्तजार अहमद निवासीगण ग्राम मनव्वरपुर सैद उर्फ महम्मदाबाद थाना शेरकोट के विरुद्ध थाना शेरकोट में गौकशी का मुकदमा दर्ज हुआ था। गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत तहसीलदार धनराज कुमार व सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार के नेतृत्व में टीम कल शाम अभियुक्त सलीम के घर पहुंची और उसकी एक आवासीय भूमि, मकान, पुरानी कार ,जिनकी कुल कीमत का आंकलन 15 लाख 65 हजार 422 रुपये को कुर्क कर बोर्ड लगा दिया गया। इसके अलावा टीम ने ग्राम मुनव्वरपुर सेद पहुंचकर अभियक्त शाहरूख के आवासीय मकान व भूमि जिसकी कुल अनुमानित कीमत 15,79715/- रूपये, अभियुक्त मकसूद की आवासीय मकान व भूमि जिसकी कुल अनुमानित कीमत 7,33086/- रूपये और अभियुक्त भारा उर्फ समीर के आवासीय मकान व भूमि जिसकी कुल अनुमानित कीमत 2,74042/- रूपये को कुर्क किया। सी ओ अफजलगढ़ ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत चारो अभियुक्तों की कुल 41,52,265/- रूपये की अचल/चल सम्पत्ति को कुर्क कर बोर्ड लगा दिये गए हैं। इस अवसर पर तहसीलदार धामपुर,सी ओ अफजलगढ़ आलोक सिंह,अफजलगढ़ थानाध्यक्ष विजेंद्र सिह राठी, शेरकोट थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार , लेखपाल छत्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा पर मुसाफिरों को पिलाया शर्बत



टोल प्लाजा पर राहगीरों को शर्बत का वितरण करते हुए।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज तहसील टीम द्वारा भनेडा टोल प्लाजा पर राहगीरों के लिए आयोजित ठंडे शरबत का वितरण का टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरवेंदर राणा ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी हिन्द युवा महाशक्ति सेना से डॉक्टर धर्मेंद्र चिकारा, हितेश कुमार, चौधरी विकास तोमर, रोहित डोडवाल, रूपेंद्र, रावेंदर, शिवम, मनोज, कामेंद्र, युद्धवीर, कैलाश, सुबोध बबलू, नौशाद खान, भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज से निशि चौधरी, ललिता, रीता देवी, संजीता, रिंकू, बबली, सुजाता कौशिक आदि शामिल रहे। सभी ने आने जाने वाले राहगीरों व मुसाफिरों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए उन्हें ठंडा शर्बत पिलाकर सेवा की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हरविंदर राणा के साथ वहां साफ सफाई भी की। हरविंद्र राणा ने सभी को संदेश दिया कि सभी को एक दूसरे की नि:स्वार्थ सेवा करनी चाहिए। जहाँ भी इस तरह के शर्बत वितरण कार्यक्रम कोई भी करे तो कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वहां साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। उनका संगठन हर साल कभी भंडारा तो कभी शर्बत वितरण का आयोजन करता है।

# गद्दारों व चमचों से सावधान रहे दलित समाज : डीपी सिंह रवि



बसपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को कार्ड वितरित करते हुए डीपी सिंह रवि।

## बसपा की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया गया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आदेश अनुसार बूथ चलो व गांव चलो अभियान के तहत बूथ कमेठी का पुनर्गठन कर समीक्षा कर सदस्यता अभियान चलाया गया। बैठक में बसपा का कैडर दिया गया तथा बसपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि डीपी सिंह रवि (मंडल प्रभारी) ने कहा कि कांशीराम कहते थे कुछ बहरूपिए नीला गमछा व नीला झंडा लेकर आएंगे लेकिन आपको याद रखना है कि नीला झंडा वही होगा जिस पर हाथी निशान होगा, ऐसे दलालों, गद्दारों व चमचो से सावधान रहना है। सुरेंद्र सिंह (विधानसभा प्रभारी, विजेंद्र कश्यप (जिला संयोजक भाईचारा कमेठी) ने कहा कि बसपा एक आंदोलन व मिशन है जो कभी भी नहीं रुकने वाला है। ग्राम बिजौरी व भोगपुर में बूथों का गठन कर बसपा के बूथ कमेठी के पदाधिकारी बना कर उनको सदस्यता दिलायी गयी। नरेंद्र कुमार रवि विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वजन की पार्टी है। प्रदेश में होने वाले 2027 के चुनाव में बसपा की सरकार बनेगी।

नरेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता एवं विजेंद्र सिंह कश्यप के संचालन में बैठक में विजेंद्र सिंह कश्यप, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, महेंद्र सिंह, इफ्तेखार उर्फ भूरे, जसवंत सिंह, जगत सिंह, गोविंद सिंह, नरपाल सिंह, सौरभ कुमार, रविंद्र राज, मोनू कुमार, भूपेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, भानु प्रताप, ओमप्रकाश, कुंदन सिंह, योगराज सिंह, एसपीएल चौहान, राहुल कुमार, टेकचंद, गोविंद कश्यप, उमेश कुमार, रोशन कुमार, सूरज सिंह, उमेश कुमार, मुकेश कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बिश्नोई मंदिर के अध्यक्ष ने कमेटी भंग कर दिया इस्तीफा

**नगीना ( चिंगारी )।** नवीन बिश्नोई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार विश्नोई ने विश्नोई समाज की बैठक में मंदिर कमेटी को भंग कर अपना त्याग पत्र संरक्षक रोहिताश विश्नोई को सौंप दिया है। राजकुमार विश्नोई ने एक बयान जारी कर बताया कि कमेटी के कुछ सदस्यों द्वारा समाज हित में सहयोग न करने के कारण अनिश्चितकाल के लिए भंग कर दिया है। मंदिर कमेटी का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए नवीन बिश्नोई मंदिर की नई कमेटी गठित करने का अधिकार संरक्षक रोहिताश विश्नोई व विश्नोई समाज के लोगों को दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब उनका (राजकुमार विश्नोई)नवीन बिश्नोई मंदिर कमेटी से कोई नाता नहीं है।

# रेवेन्यू बार के चुनाव हेतु एल्डर कमेटी का गठन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कल सोमवार को नर सिंह हाल में जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन बिजनौर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक मीटिंग बुलाई गई, जिसमें जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन बिजनौर की एल्डर कमेटी के गठन पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से श्री मामराज सिंह एडवोकेट सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता होने के कारण एल्डर कमेटी के चेयरमैन बनाये गये तथा वरिष्ठ अधिवक्ता उपेन्द्र कुमार शर्मा एड. एवं पूरन सिंह एड., राजेश कुमार एड., घनश्याम सिंह एड. कोमल सिंह एड. व हाजी इरफान चौधरी एड. को एल्डर कमेटी के सदस्यों के रूप में नामित किया गया। इस प्रकार सात अधिवक्ताओं की एल्डर कमेटी सर्वसम्मति से बनाई गई तथा यह भी तय हुआ कि वर्तमान में दोनों कार्यरत रेवेन्यू बार एसोसिएशन बिजनौर के पदाधिकारियों के विचारोपरान्त अधिवक्ताओं से सहमति प्राप्त करते हुए आगामी मीटिंग कल 10 जून को नर सिंह बार हाल में होनी है। जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के दोनों संगठनों की सहमति से आगामी चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

# हल्दौर में हार्ट रोग जांच शिविर 14 को

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर व मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा के सौजन्य से आगामी 14 जून को नगर में निःशुल्क हृदय रोग स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जून दिन रविवार को पुरुषोत्तम नर्सिंग होम हल्दौर पर प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नि:शुल्क हृदय रोग स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग संबंधित जांच कर परामर्श दिया जाएगा। शिविर में बीपी, रेंडम ब्लड शुगर, वजन व ईसीजी आदि की जांच भी की जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण व विकास में सन्तुलन के साथ सूखे पेड़ों की समस्या पर भी हो विचार : डॉ. रवि धनकड़

**धामपुर ( चिंगारी )।** सड़क विकास एवं पर्यावरण संरक्षण में संतुलन के साथ-साथ सूखे पेड़ों की समस्या पर विचार किया जाना आवश्यक है क्योंकि आंधी, तूफान और वर्षा के दौरान यदि सूखा पेड़ किसी व्यक्ति पर गिर जाएगा तो आकस्मिक दुर्घटना होने में समय नहीं लगेगा। समय के साथ विकास होना आवश्यक है और चौड़ीसड़कों का निर्माण जनसुविधा के लिए जरूरी कदम है। यदि सड़क के बीच में आने वाले सूखे, जर्जर या दुर्घटना संभावित पेड़ खड़े हैं, तो जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें वैज्ञानिक तरीके से हटाना उचित होगा।



आर एस एम कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर रवि धनकड का कहना है कि विकास की यह प्रक्रिया पर्यावरण की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। इसलिए एक पेड़ काटने के स्थान पर कम से कम पांच नए पेड़ लगाए जाएं। यदि दस पुराने पेड़ हटाने पड़ें तो उनके स्थान पर पचास नए पौधे हाईवे के किनारे या उपयुक्त स्थानों पर लगाए जाएं। उनका कहना है कि केवल पेड़ लगाना पर्याप्त नहीं है। उनकी देखभाल की जिम्मेदारी शासन के साथ-साथ समाज को भी लेनी होगी। वन विभाग, एनएचएआई, स्थानीय निकाय और एनएसएस, एनसीसी जैसी संस्थाओं को मिलकर इन पौधों के जीवित रहने की 3-5 वर्ष तक निगरानी करनी चाहिए। हरे-भरे स्वस्थ पेड़ों को यथासंभव बचाया जाए। सड़क निर्माण की योजना में पहले से ही वृक्षारोपण के लिए जगह निर्धारित की जाए और देशी प्रजाति के पेड़ लगाए जाएं जो स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल हों।

उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण एक दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सूखे पेड़ों से होने वाले खतरे को दूर करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी हरियाली बढ़ाना भी है। 'विकास भी, पर्यावरण भी' के मंत्र के साथ ही हम सुरक्षित और हरित भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

# शादी से चार दिन पहले युवती की बाइक से गिरकर मौत

## जिस घर में बजनी थी शहनाई, वहां पसरा मातम

**स्योहारा (चिंगारी)।** अपने वैवाहिक जीवन की सलामती के लिये दुआ कराने जा रही एक युवती की शादी से 4 दिन पहले अचानक हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद घर में मातम पसर गया, जहां तीन दिन बाद शहनाई बजनी थी।



मृतका के घर पर जानकारी करती पुलिस।

स्योहारा के मोहल्ला कस्बा निवासी मकसूद अहमद की बेटी अर्शी परवीन अपने भाई दानिश के साथ मोटसाइकिल से गांव मुकरपुरी हजरत जी के पास दुआ कराने जा रही थी कि उसका शादीशुदा जीवन सही चले। तीन दिन बाद उसकी शादी होनी थी। बताया जाता है कि स्योहारा-ठाकुरद्वारा मार्ग पर विवाह मंडप के पास वह चक्कर खाकर बाइक से गिर पड़ी। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा मृतक युवती को घर ले जाकर सुपुर्द ए खाक करने की तैयारी की जा रही थी कि सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। परिजनों एवं अन्य लोगों ने पोस्टमार्टम न कराने की गुहार लगाई। पुलिस व स्थानीय जिम्मेदारों ने परिजनों को समझाया, जिसके बाद युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस उक्त घटना में कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

**13 को आनी थी बारात**

अर्शी परवीन की शादी स्योहारा के मोहल्ला शेखान निवासी युवक से तय हुई थी जिसके बाद वह खुश थी और दुआ कराने के लिए मुकरपुरी हजरत जी के पास जा रही थी। बताया जा रहा है कि वह पहले भी कई बार हजरत जी के पास जाती रही है। 13 जून को घर में बारात आ रही थी, लेकिन पहले ही अर्शी की मौत हो गयी और खुशियां पल भर में मातम में बदल गयीं।

# कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर

पत्रांक : 255/खनन/जि.पं./2026-27 दिनांक -05.06.2026

## पुनः ई-ऑक्शन/नीलामी सूचना

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत/संचालित दुकानात/व्यवसायों को नियंत्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी/प्रचलित उपविधियोनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों के लाइसेंस शुल्क वसूली के ठेके को ई-ऑक्शन के माध्यम से पत्रांक-1719/जि.पं./2025-26 दिनांक 25.03.2026 के द्वारा आमंत्रित किया गया था, जिसमें जनपद के 11 विकास खण्डों में से 04 विकास खण्डों (मौ.पुर देवमल, हल्दौर, नहटौर व धामपुर) पर नियमानुसार बिड प्राप्त हुई एवं शेष 07 विकास खण्डों की ई-ऑक्शन के माध्यम से पुनः ई-ऑक्शन/नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन/नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/संस्था इत्यादि को ई-ऑक्शन की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। तत्सम्बन्धी उपविधियोनुसार ई-ऑक्शन किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके की अवधि अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31.03.2027 तक के लिये ही होगी। उपरोक्त लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके वसूली सम्बन्धी ठेका/नीलामी हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर ई-नीलामी हेतु प्रतिभाग किया जा सकता है। ई-नीलामी की समय सारणी का विवरण निम्नवत है-

| क्र.सं. | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेज अपलोड/ भुगतान करने की अन्तिम तिथि | 16.06.2026 | पूर्वान्ह 11.00 बजे तक |
| 2. | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 16.06.2026 | पूर्वान्ह 11.00 बजे से |
| 3. | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अन्तिम तिथि | 16.06.2026 | अपरान्ह 01.00 बजे तक |
| 4. | ई-नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 16.06.2026 | अपरान्ह 01.00 बजे से |
| 5. | ई-नीलामी की अन्तिम तिथि | 16.06.2026 | सायं 03.00 बजे तक |

ई-नीलामी फार्म दिनांक 16.06.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या-50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 में जमा कर ऑनलाइन http://eauction.gov.in पर ही सबमिट किया जा सकेगा। http://eauction.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। ई-नीलामी फार्म का मूल्य रु. 1000+ जीएसटी 18 प्रतिशत सहित रु.1180.00 उक्त ई-नीलामी की तकनीकी बिड का परीक्षण जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 16.06.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे से ऑनलाइन नीलामी समिति की उपस्थिति में किया जायेगा तथा नीलामीदाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 16.06.2026 को सायं 03.00 बजे से नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्त ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

# भाकियू लोकशक्ति की ब्लॉक नजीबाबाद कार्यकारिणी भंग

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया है कि ब्लॉक नजीबाबाद की ब्लॉक कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। यह कार्रवाई ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद के निष्क्रिय होने के कारण व हरिद्वार चिंतन शिविर में सहयोग न करने के कारण कार्यकारिणी भंग की गई है। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति बिजनौर में अगर कोई अपने को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बताता है तथा संगठन में सक्रिय नहीं होगा, वह तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया जायेगा।

# आदर्श शिक्षा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में हुआ वृक्षारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** आदर्श शिक्षा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में प्र्यावरण के अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने बहुत ही सुंदर चित्र बनाये। यह कार्यक्रम स्वाति चन्द्रा, प्रमोद कुमार, अंशु यादव, एनपी पाठक के नेतृत्व में हुआ। इसमें कक्षा पांच की दीपिका प्रथम, कक्षा छः जिशांत द्वितीय एवं कक्षा पांच रूपाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इसके उपरांत बच्चों एवं स्कूल की प्रधानाचार्य एवं सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। जिला जजी बिजनौर से आई स्वाति चंद्रा ने सभी बच्चों से वृक्ष लगाने व उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या गार्गी ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।


**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# सड़क की जांच में सिद्ध हुआ भ्रष्टाचार का आरोप

## लियर की मोटाई कम पायी गई, नीचे तारकोल भी नहीं डाला



सड़क पर बिछाई गई लेयर की मोटाई मापती जांच टीम

**नांगल सोती (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने जिस सड़क की मरम्मत में पीडब्ल्यूडी द्वारा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था, जांच के दौरान उस सड़क पर किया गया कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। मरम्मत के लिये बिछाई गई लेयर की मोटाई काफी कम पायी गयी। ब्लॉक प्रमुख का कहना है कि भ्रष्टाचार के आरोप साबित हो गये हैं।**

मंडावली से ग्राम हुकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी होते हुए एक सड़क भागूवाला-मोटा महादेव बाईपास मार्ग से जाकर मिलती है। यह सड़क 20 गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने गत शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ रणविजय सिंह के सामने उक्त सड़क की मरम्मत में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। इस दौरान वहां अधिकारियों से नोकझोंक और हंगामा भी हुआ था। ब्लॉक प्रमुख ने पीडब्ल्यूडी के कथित भ्रष्टाचार पर बेहद कड़ा रुख अपनाया था। ब्लॉक प्रमुख द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत के सम्बन्ध में सोमवार को इंजीनियर्स की एक टीम मरम्मत की गई सड़क की जांच करने पहुंची। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा बिजनौर के अधिशासी अभियंता फिरोज दोस्त ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सहायक अभियंता मोहन पांडेय, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अवर अभियंता प्रवीण कुमार के साथ सड़क में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के मानक की जांच की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, बीजेपी के भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, मंडल महामंत्री सचिन देशवाल, अनुज चौधरी, राहुल हुड्डा तथा अनेक ग्रामीण भी उपस्थित रहे। जांच के दौरान सड़क पर बिछाई गई लेयर की मोटाई चार जगहों पर मापी गई। एक जगह बिछाई गई लेयर की मोटाई 13 एमएम, दूसरी जगह पर 15 एमएम, तीसरी जगह पर मात्र 10 एमएम और एक किनारे पर 20 एमएम पायी गयी। इस पर अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा फिरोज दोस्त द्वारा सभी ग्रामवासियों व अन्य अधिकारियों के सामने स्वीकार किया गया कि कार्य अधोमानक किया जा रहा है। डाली गयी लेयर की मोटाई पूरी नहीं है तथा नीचे भी तारकोल नहीं डाला जा रहा है। न ही सड़क पर पड़े रेत की सफाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह तो सड़क बनते ही टूट जायेगी।

### 'मरम्मत हुई नहीं, निकाल लिये 10 लाख'

*उक्त सड़क 3 किलोमीटर लंबी है। पीडब्ल्यूडी द्वारा एक किलोमीटर की सड़क का मरम्मत कार्य मार्च में ही पूरा दिखाकर 10 लाख रूपये निकाल लिये गये थे, जबकि एक इंच सड़क की भी मरम्मत नहीं हुई थी। 4 लाख रूपये मंडावली और हुकूमतपुर केशो में बनाई गई आरसीसी सड़क के अलग निकाले गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कड़ा रुख अपनाकर शिकायत करने के बाद दो दिन पूर्व ही मरम्मत का कार्य शुरू किया गया और 130 मीटर सड़क की मरम्मत की गई, उसमें भी मात्र लीपापोती की जा रही थी। जांच में पीडब्ल्यूडी के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। आगे भी पीडब्ल्यूडी के भ्रष्टाचार पर खुलासे किये जायेंगे। - तपराज सिंह देशवाल, ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता*

### जितनी सड़क बनी, उतनी ही राशि निकली-एई

*ग्रामीणों द्वारा डामर की विशेष मरम्मत का कार्य रुकवा दिया गया था। दो जगहों पर आरसीसी सड़क बनाई गई है। जितना कार्य किया गया है, उतना ही रुपया निकाला गया है।*
*- मोहन पांडेय, एई, पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद*

## पति व देवरों पर लगाया अप्राकृतिक कुकर्म का आरोप

**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति तथा देवरों पर जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाने और ननद पर मारपीट किये जाने के संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति उसके साथ शराब पीकर मारपीट करता है और उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म करता है और अपने भाईयों से भी उसके साथ संबंध बनवाता है। ननद उसके साथ मारपीट करती है और जब वह अपने घर सारी आपबीती बता रही थी तो उसकी ननद ने उसका फोन छीन लिया। पांच जून की सुबह 11 बजे उसके देवर ने उसको कपड़े बदलते समय नग्न अवस्था में पकड़ लिया और उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। जब उसने अपने पति से मामले की शिकायत की तो उलटा पति ने उसके साथ मारपीट करते हुये घर से निकाल दिया। बदहवास अवस्था में महिला पास में स्थित एक पेट्रोल पंप पर बेहोश हो गई। राहगीरों ने मामले की डायल 112 पर कॉल करके सूचना दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चार लोगों पति नवेद, देवर सूफियान और शाहबेज, ननद अरीबा निवासी थाना क्षेत्र नहटौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राहगीरों को शर्बत पिलाया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुहल्ला पतियापाड़ा में थाने के नजदीक नेशनल हॉस्पिटल के सामने छबील लगाकर राहगीरों में शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर डा. सुहैल तनवीर, शेख रईस अहमद, मास्टर नसीम अहमद, गालिब बाबा, मौ. अदनान आदि का सहयोग रहा।

## युवक ने बीच सड़क कार खड़ी कर जाम लगाया

**स्योहारा (चिंगारी)।** सोमवार देर शाम रामगंगा पुल पर एक युवक ने बीच सड़क में कार खड़ी कर यातायात को बाधित कर दिया। युवक ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पुल पर जाम लगाया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था। जानकारी के अनुसार ग्राम जटपुरा महावतपुर निवासी एक युवक स्योहारा से ठाकुरद्वारा रोड होते हुए अपने गांव जा रहा था, जैसे ही वह रामगंगा पुल पर पहुंचा, उसने अपनी गाड़ी सड़क के बीचों-बीच खड़ी कर दी और लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। युवक का आरोप था कि पिछले दो माह से अधिक समय से पुल की मरम्मत का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवक के इस कदम से पुल पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात को सुचारु कराया। पुलिस के पहुंचने पर युवक कार लेकर मौके से फरार होने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे वाहन सहित पकड़ लिया और थाने ले आई। पुलिस ने वाहन को सीज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।


**पीडब्ल्यूडी के विरूद्ध रोष जताया**

## बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन का कहना है कि बढ़ापुर नगर में एक बड़े हिस्से को दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इसके अतिरिक्त मुहल्ला फूलबाग में तो दूषित पानी की भी आपूर्ति नहीं हो रही है। नगर का यह हाल तब है जब नगर पंचायत प्रशासन करोड़ों रुपए जलकल में खर्च कर चुका है। पूर्व चेयरमैन का आरोप इस संबंध में शिकायत के बाद भी प्रशासन में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनके द्वारा साल 2024 में हलफनामे के साथ दस बिंदुओं की शिकायत की गई थी, जिसकी जांच कमेटी बना दी गई थी, परन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सुनवाई न होने पर प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को लिखा गया। इसके बाद वहां से जांच हेतु बिजनौर भेजा गया, मगर फिर भी जांच नहीं हुई। साल 2025 में भी पुन: हलफनामे से शिकायत की गई थी जिसकी कमेटी भी बनी थी, मगर पूर्व की तरह रिजल्ट फिर जीरो रहा। फरवरी 2026 में भी उनके द्वारा पुन: हलफनामे से शिकायत की गई इसकी भी कमेटी बनी, मगर रिजल्ट फिर जीरो है। उनकी किसी भी शिकायत पर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तब दो सप्ताह पूर्व 25 मई को डीएम बिजनौर को कोई कार्रवाई न होने के संबंध में अवगत कराया गया, जिसका रिमाइंडर 30 मई को भेजा गया अब तक इस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

**पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन का आरोप**

## दिशा-सूचक संकेतक नहीं लगाये जाने से हाईवे पर दुर्घटना का खतरा



**बिजनौर (चिंगारी)। पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर बने विभिन्न ओवरब्रिजों पर रिफ्लेक्टर और दिशा-सूचक संकेतक नहीं लगाए जाने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और दैनिक यात्रियों ने हाईवे निर्माण कंपनी की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जल्द आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं किए जाने की मांग की है।**

सर्वश्री रणवीर सिंह, बृजेश चौधरी, विकास चौधरी, विकास कश्यप, अभिषेक सिंह आदि क्षेत्रवासियों के अनुसार वीकेआईटी, पीली चौकी, बरूकी, महेश्वरी जट तथा कोतवाली देहात क्षेत्र में बने ओवरब्रिजों के दोनों ओर सर्विस रोड पर पर्याप्त संकेतक और रिफ्लेक्टर नहीं हैं। विशेषकर रात्रि के समय तथा खराब मौसम में वाहन चालकों को मार्ग का सही अनुमान नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अभी कुछ दिन पहले ही कोतवाली देहात के रोशनपुर प्रताप के पास गागन पुल पर रिफ्लेक्टर न होने की वजह से एक प्राइवेट बस का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें कई सवार यात्री घायल हो गए थे। दैनिक यात्रियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार निर्माण कंपनी के अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक सुरक्षा संबंधी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनका आरोप है कि अनेक छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होने के बाद भी कंपनी द्वारा समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

# किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

## उर्वरक कालाबाजारी के आरोप में खाद विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किसानों से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील धामपुर के अफजलगढ़ क्षेत्र में उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मै. स्वास्तिक खाद भण्डार, अफजलगढ़ में स्टॉक एवं अभिलेखों की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के समय पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरक स्टॉक और प्रतिष्ठान पर उपलब्ध भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। जांच टीम द्वारा स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजिका एवं अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु प्रतिष्ठान संचालक द्वारा कोई संतोषजनक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा सके। साथ ही प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं मूल्य सूची भी प्रदर्शित नहीं पाई गई। जिलाधिकारी बिजनौर की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत मै. स्वास्तिक खाद भण्डार, अफजलगढ़ के प्रोपराइटर श्री कुनाल तोमर के विरुद्ध थाना अफजलगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह ने कहा कि किसानों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा फर्जी वितरण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी उन्होंने जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर स्टॉक एवं मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें तथा आईएफएमएस पोर्टल पर उपलब्ध स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में पूर्ण समानता बनाए रखें। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे उर्वरक खरीदते समय रसीद अवश्य प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली अथवा उर्वरक उपलब्धता संबंधी समस्या की सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें।

## पत्नी व उसके आशिक सहित 4 के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गांव चकमहदूद सानी के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, उसके आशिक और दो अन्यों पर गाली गलौज करने और जान से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव निवासी फरीद अहमद ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी गजाला पुत्री मौ. शमी निवासी ग्राम अलादीनपुर के साथ हुई थी। कई महीने पूर्व उसकी पत्नी, उबैद पुत्र इकबाल निवासी मीनार होटल के पास स्योहारा के साथ चली गयी। पांच जून 26 को गजाला, मौ. शमी, उबैद व उसके पिता इकबाल ने उसको गाली-गलौच कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिससे फरीद के सिर में खुली चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से घायल चिकित्सक की मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** राजा का ताजपुर निवासी युवती पलक भारती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह समय करीब छह बजे वह अपने पिता डॉ धर्मेन्द्र सिंह के साथ पुवैना मार्ग पर पैदल टहलने गई थी इस दौरान पीछे से तेज गति से आए बाइक चालक ने उसके पिता को टक्कर मार दी हादसे में उसके पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें मुरादाबाद में निजी अस्पताल ले गए। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी। सोमवार को चिकित्सकों ने उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया दूसरे अस्पताल ले जाते हुए रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## डा. अनिल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनता इंटर कॉलेज महुआ के पूर्व प्रबंधक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार त्यागी का शनिवार को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ. अनिल कुमार त्यागी, जनता मेडिकल स्टोर



बिजनौर के स्वामी संदीप त्यागी के बड़े भाई थे। जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शोक सभा में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में जिला मुख्य संरक्षक एम.पी. सिंह, जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला मुख्य सचिव के.के. अग्रवाल, जिला सचिव इंद्रदेव सिंह, मनोज शर्मा, हितेंद्र खरबंदा, आसिफ सिद्दीकी, तारिक भाई, आलोक गोविल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अनिल कुमार त्यागी का समाज, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उनकी सादगी, सेवा भावना और मानवीय दृष्टिकोण सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

## पत्रकारों से मिले थानेदार कई मुद्दों पर हुआ विचार



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को पहली बार हीमपुर दीपा थाना कार्यालय में क्षेत्र के पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उनके व्यवहार में सरलता और अनुभव की झलक देखने को मिली। उन्होंने बताया वह मथुरा में तैनात रहे हैं इसीलिए उनके व्यवहार में वहां का थोड़ा असर है। प्रेस वार्ता में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस व मीडिया के बेहतर समन्वय बनाए रखने पर लंबी चर्चा हुई। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पत्रकारों के बीच पारदर्शी संवाद जरूरी है।

## श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने बिजनौर में नई गोल्ड लोन शाखा का किया शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने बिजनौर के नगीना रोड पर शुगर मिल के सामने अपनी नई गोल्ड लोन शाखा का भव्य शुभारंभ किया। इस नई शाखा के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसान वित्तीय समाधान प्रदान करना है। यह कदम देशभर में अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की बिजनौर में गोल्ड लोन सेवाओं की शुरुआत का प्रतीक है। इस नई शाखा का मुख्य उद्देश्य



स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और किसानों को सोने के आभूषणों पर बेहद सरल ब्याज दर पर तत्काल ऋण उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर शाखा में गोल्ड लोन उत्सव व चाय पर चर्चा नाम से कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें गोल्ड लोन ब्रांच हेड विनोद कुमार, टू व्हीलर लोन ब्रांच हेड कुलदीप ठाकुर एवं अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय निवासी मौजूद रहे। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि श्रीराम फाइनेंस की गोल्ड लोन सुविधा न्यूनतम दस्तावेज, तेज प्रक्रिया और पारदर्शी शर्तों के साथ ग्राहकों के लिए बेहद लाभकारी है।

## बाजार में खड़ी दिहाड़ी मजदूर की बाइक चुरा ली

**चंदक ( चिंगारी )।** चोर ने बाजार में खड़ी बाइक साफ कर दी। बाइक दिहाड़ी मजदूर की थी। बाइक गायब देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। बाइक चोरी की घटना



सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने चौकी पहुंचकर पुलिस से बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। यहां मंडावर रोड पर कौशिक बर्तन भंडार का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां करीमपुर नंगली निवासी राजेंद्र पुत्र हरप्रसाद मजदूरी करता है। दुकानों के बराबर में गली में सोमवार सुबह अपनी स्पेलेंडर बाइक संख्या UP 20 Y 7663 खड़ी करके वह काम करने लगा। दोपहर को करीब 2 बजे बाइक गायब देखकर उसके पैरों तले से जमीन घिसक गई। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो पता चला कि सुबह 10:15 बजे एक व्यक्ति जिसके मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ है, पहले उसकी बाइक के आसपास घूमता है और फिर उसमें आसानी से चाबी लगाकर बाइक को ले जाता है। बता दें कि एक सप्ताह पूर्व चोरों ने निर्माणाधीन भवन के शटर के ताले तोड़कर जनरेटर व अन्य सामान चोरी कर लिया था। बाद में जनरेटर कॉलोनी के बाहर खड़ा मिला था। जिसमें से तार चोरी कर लिया गया।

## नवागत डीआईओएस का स्वागत किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, चेतनारायण ग्रुप, के एक शिष्ट मंडल ने जनपद के नवनियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना से शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्ट मंडल का नेतृत्व प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने किया। प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सोमदेव सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना ने शिष्ट मंडल को आश्वासन दिया कि शिक्षकों के सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा तथा वे सदैव शिक्षकों, शिक्षार्थियों तथा शिक्षा के उन्नयन एवं विकास हेतु कार्य करेंगे। शिष्ट मंडल में प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह त्यागी, जिला कोष अध्यक्ष हरज्ञान सिंह, मोहम्मद हारुन, रविंद्र भारती, यूनुस हुसैन, जावेद हुसैन, डॉक्टर श्यामलाल गुप्ता, इमरान अहमद, नीरज कुमार बिंदल, नसीमुद्दीन, विमल कुमार, रामकुमार, डॉक्टर मनोज गोस्वामी, सुनील कुमार त्यागी, रामरक्ष पाल, रामकुमार सिंह वसीम अहमद, जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, आदि शामिल रहे।

# 6,940 करोड़ की 12 बड़ी परियोजनाओं की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

## 15 अक्टूबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश



**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य की प्रमुख अवसंरचना एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। प्रगति पोर्टल के माध्यम से परिवहन, ऊर्जा, लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, सीमा सड़क संगठन सहित विभिन्न विभागों की कुल 6,940 करोड़ रुपये लागत की 12 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री स्तर पर प्रत्येक माह तथा मुख्य सचिव स्तर पर प्रत्येक 10 दिन में परियोजनाओं की समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परियोजनाओं का 50 प्रतिशत या उससे अधिक कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें 15 अक्टूबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सभी विकास परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करना है ताकि जनता को उनका लाभ शीघ्र मिल सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि हस्तांतरण, वन स्वीकृति, भूमि अधिग्रहण, क्षतिपूर्ति भुगतान तथा अन्य प्रशासनिक कारणों से लंबित परियोजनाओं का समन्वय के साथ शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रगति पोर्टल को प्रभावी निगरानी तंत्र के रूप में उपयोग करते हुए प्रत्येक परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब से न केवल विकास कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि जनहित और आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। बैठक में रामनगर आईएसबीटी, रानीखेत बस टर्मिनल, ताड़ीखेत डिपो एवं कार्यशाला, बनबसा और रुद्रप्रयाग विद्युत उपकेंद्र परियोजनाएं, चारधाम सड़क परियोजनाएं, अस्कोट-लिपुलेख मार्ग, माणा पास सड़क परियोजना तथा हरिद्वार और काशीपुर क्षेत्र की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# मनोज कुमार बने फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष

## बधाई देने वालों का सिलसिला जारी



**चिड़ियापुर (चिंगारी)।** मेडिकल फार्मासिस्ट एसोसिएशन हरिद्वार की जिला इकाई की बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ फार्मासिस्ट मनोज कुमार को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके मनोनयन पर जिले के फार्मासिस्टों ने हर्ष जताया। मनोज कुमार के संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें उपाध्यक्ष चुना गया।

मनोज कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद संगठन के जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। मनोज कुमार कहा कि फार्मासिस्टों के हितों की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा, फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं' हम अस्पतालों में फार्मासिस्टों की कमी जैसे मुद्दों को शासन तक मजबूती से उठाएंगे। मनोज कुमार के उपाध्यक्ष बनने पर रुड़की, लक्सर, भगवानपुर और हरिद्वार के फार्मासिस्टों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। मनोज कुमार वर्तमान में लालढांग मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष है व लालढांग क्षेत्र के रसूलपुर गांव के निवासी है।

# उक्रांद के समारोह में कई लोगों ने ली सदस्यता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड क्रांति दल महानगर इकाई की ओर से स्थानीय बारातघर के सभागार में सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कई लोगों ने दल की सदस्यता ग्रहण की। समारोह के मुख्य अतिथि दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों ने आम जनता को भ्रमित करने का कार्य किया है। इससे परेशान होकर जनता क्षेत्रीय पार्टी को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। आम जन से जुड़ी नीतियों के कारण लोग यूकेडी से जुड़ रहे हैं। दल के केंद्रीय संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि पहाड़वासियों के पर सरकार ने ऐसे कठोर कानून थोप दिए हैं, जिससे सड़क आदि जैसे मौलिक विकास पहाड़ में ठप्प हो गए हैं। वहीं जंगली जानवरों के आतंक के कारण पहाड़ में रहने वाले सभी लोग आतंकित हैं। कहा कि यूकेडी अगर सत्ता में आई तो सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं तैयार की जायेंगी और पहाड़वासियों को उनके हक व हकूक वापस दिलाए जायेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय महामंत्री सेनि. कर्नल कैलाश देवरानी, महिपाल सिंह पुंडीर, सत्य प्रकाश भारद्वाज, पितृशरण जोशी, महेंद्र सिंह रावत, प्रमोद काला, रवीन्द्र सौंद, दीपा अधिकारी, उमेद सिंह भंडारी, एडवोकेट रोहित डंडरियाल, पंकज डबराल और अर्चना भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम की नहीं हो रहीं नियमित बैठकें : मुजीब

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार नगर निगम की नियमित बैठकें न होने पर उत्तराखंड विकास पार्टी के अध्यक्ष मुजीब नैथानी ने नाराजगी व्यक्त की है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि नियमानुसार प्रत्येक दो माह में निगम की एक बैठक आयोजित की जानी अनिवार्य है, लेकिन कोटद्वार नगर निगम में इस व्यवस्था का पालन नहीं हो रहा है। बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में केवल तीन बोर्ड बैठकें ही आयोजित हुई हैं जिससे वार्डों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। मौके पर उन्होंने नगर निगम प्रशासन से बोर्ड बैठकें नियमानुसार आयोजित करने की मांग की, जिससे निगम के वार्डों की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके।

# जीआईसी बल्ली में दस दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड फाउंडेशन नार्थ अमेरिका व किताब क्लब के सहयोग से दुगड्डा ब्लाक के पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में दस दिवसीय कार्यशाला आरंभ हो गई है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन फाउंडेशन के इंडिया को ऑर्डिनेटर सुभाष डबराल व लोकल कोऑर्डिनेटर प्रसन्न सिंह नेगी के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों को कहानी लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषा संबंधी जानकारी दी जायेगी।

# दीपक बडोला की याद में चल रही खो-खो प्रतियोगिता

## दूसरे दिन हुये कई रोमांचक मुकाबले

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला की स्मृति में जीआईसी दुगड्डा के खेल मैदान में आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक एवं बालिका वर्ग के रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन का उद्घाटन कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव जखमोला, अनिल रतूड़ी, बलवीर सिंह रावत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश ठाकुर, शिक्षक शशिभूषण अमोली तथा प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र खर्कवाल ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण किया। तत्पश्चात बालिका वर्ग के मुकाबलों में नालंदा देहरादून ने कालाढुंगी को 8-1, दुगड्डा ने देहरादून को 13-1, टिहरी ने कालाढुंगी को 4-3, दुगड्डा ने खेलो इंडिया बालिका टीम को 2-1 और नालंदा देहरादून ने देहरादून को 5-2 के अंतर से हराया। इन परिणामों के आधार पर नालंदा देहरादून, दुगड्डा और टिहरी की टीमों ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं बालक वर्ग में खटीमा ने टिहरी को 10-3, रामनगर ने दुगड्डा को 6-3, बागेश्वर ने हरिद्वार को 16-2 तथा दुगड्डा ए ने खेलो इंडिया बालक टीम को 6-5, ऋषिकेश ने खटीमा को 12-2 व भगवती शाह टीम ने खटीमा को 3-2 के अंतर से हराया। लीग चरण के बाद खटीमा, रामनगर, बागेश्वर और ऋषिकेश की टीमों ने अगले दौर में जगह बनाई। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप बडोला, शिव सिंह रावत, बलवंत भंडारी, अजीत रावत, धर्मेंद्र गोयल और सूरज चौधरी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बिजनौर माहेश्वरी सभा के चुनाव में कोटद्वार के गोविन्द गोपाल चुने गये अध्यक्ष

## सचिन माहेश्वरी संयुक्त सचिव बने

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला बिजनौर माहेश्वरी सभा के त्रिवर्षीय चुनाव नजीबाबाद स्थित एक रिसोर्ट में संपन्न हुए। इस दौरान कोटद्वार के गोविंद गोपाल को तीन वर्ष के लिए सभा का अध्यक्ष चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम माहेश्वरी ने बताया कि सभा में अध्यक्ष के अलावा नजीबाबाद के विपिन लाहौटी व नगीना के संजीव लाहौटी को उपाध्यक्ष, अफजलगढ़ के विनीत माहेश्वरी को सचिव, कोटद्वार के सचिन माहेश्वरी व दारागंज के नवनीत माहेश्वरी को संयुक्त सचिव, धामपुर के कुलभूषण माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष, धामपुर के मनोज माहेश्वरी को संगठन मंत्री व नजीबाबाद के डेजी माहेश्वरी को प्रचार मंत्री चुना गया। वहीं अजय माहेश्वरी चांदपुर, विजय कुमार माहेश्वरी व राजदीप माहेश्वरी कोटद्वार, मोहित माहेश्वरी नजीबाबाद, एडवोकेट अजय माहेश्वरी नगीना, संदीप माहेश्वरी अफजलगढ़, अभिनंदन माहेश्वरी धामपुर, गौरव माहेश्वरी गंज, सुशील माहेश्वरी मोहम्मदपुर देवमल, एकांश माहेश्वरी बिजनौर एवं श्याम झंवर बिजनौर को सभा सदस्य चुना गया। शिव कुमार माहेश्वरी व विपिन लाहौटी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा कार्य समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दो सप्ताह पूर्व हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला कायस्थान में दो सप्ताह पूर्व बंद मकान में हुई लाखों रूपए की चोरी के मामले में गृह स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुहल्ला कायस्थान निवासी इमरान अहमद पिछले काफी समय से परिवार सहित दिल्ली में रहकर काम करते हैं, जिस कारण उनका घर अधिकतर बंद रहता है। इमरान अहमद के अनुसार गत 22 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान के ताले तोड़कर पूरे घर को खंगाल डाला। घटना का पता सुबह होने पर मेन गेट का ताला टूटा देखकर तब लगा कि जब इमरान के चाचा व अन्य आसपास के लोग मकान के अंदर पहुंचे और कमरों के ताले टूटे और सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। इमरान अहमद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर जब वह दिल्ली से शेरकोट पहुंचे और घर में बारीकी से जांच की तो वहां रखे 20 हजार रुपए की नकदी, लगभग 10 तोले सोने और लाखों रुपए मूल्य के चांदी के जेवर गायब मिले। पीड़ित ने बताया कि घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर उन्हें दो संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिये। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इमरान की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। टीम बनाकर जांच में सामने आये संदिग्धों की पहचान कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।




# स्वयं थाने पहुंची चार दिन से लापता युवती

## गांव के ही युवक से विवाह करने की जिद पर अड़ी

**नहटौर ( चिंगारी )।** घर से गायब हुई युवती चार दिन बाद नहटौर थाने पहुंच गई। उसने खुद को बालिग बताते हुए गांव के ही प्रेमी युवक से शादी करने की मांग की। परिजनों द्वारा काफी समझाने पर भी युवती अपनी जिद पर अड़ी रही। पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव की एक युवती चार दिन पूर्व लापता हो गयी थी। परिजनों ने काफी तलाश किया। सफलता न मिलने पर सूचना नहटौर पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सोमवार को युवती स्वयं थाने पहुंची। उसने अपने आपको बालिग बताते हुए गांव के ही दूसरे पक्ष के युवक से शादी करने की बात कही। सूचना मिलने पर थाने पहुंचे परिजनों ने युवती को काफी समझाने का प्रयास किया, परन्तु वह अपनी जिद पर अड़ी रही, जिस पर परिजन निराश होकर घर चले गये। पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवती ने स्वयं को बालिग बताते हुए गांव निवासी युवक से शादी करने की बात कही। मेडिकल की कार्रवाई होने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय में बयान के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।







